IS 15700:2005
सेवोत्तम प्रमाणित

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद

104, महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ
website : http://www.upavp.com,
E-mail : upavp@sancharnet.in

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700

नोटिस

कानपुर मण्डल की निबन्धित निम्नलिखित सहकारी आवास समितियों (नगरीय क्षेत्र) काफी समय से निष्क्रिय हैं, उनके निबंधित पते पर न तो कोई पदाधिकारी मिलता है, न ही वहाँ पर कार्यालय होने का कोई प्रमाण मिलता है। समिति के पदाधिकारियों द्वारा समिति का सक्रिय रूप से संचालित किये जाने में कोई रूचि नहीं है। ये सहकारी आवास समितियाँ वार्षिक विवरणियाँ, भूमि क्रय विक्रय, आडिट रिपोर्ट एवं अन्य सूचनाएं भी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रेषित नहीं कर रही हैं। सम्बन्धित सहकारी अधिकारी (आवास) कानपुर/सहकारी पर्यवेक्षक (आवास) कानपुर द्वारा इन समितियों का निरीक्षण उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम 1965 की धारा–66 के अन्तर्गत किया गया, जिसमें ये समितियाँ निष्क्रय पायी गयीं। ये समितियाँ उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम 1965 एवं सहकारी समिति नियमावली 1968 एवं निबंधित उपविधि में वर्णित अपने उद्देश्यों की पूर्ति नहीं कर रही हैं।

अतः मै डी0 के0 शुक्ल अपर आवास आयुक्त/अपर निबन्धक उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ शासन की अधिसूचना संख्या 771/12सी–1–89–7(8)/1976 दिनांक 10.08.89 एवं संशोधित अधिसूचना दिनांक 26.11.2010 द्वारा प्रदत्त निबन्धक के अधिकारों का प्रयोग करते हुए उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम 1965 की धारा–72(2)(ग)(घ) के अधीन सपठित उ0प्र0 सहकारी समिति नियमावली 1968 के नियम 270 के अन्तर्गत आदेश देता हूँ कि सहकारी अवास समितियाँ अपना पूर्ण विवरण यथा निबन्धित पता, वर्तमान पता, प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों का नाम, सचिव का नाम, भूमि क्रय–विक्रय सम्बन्धी विवरण सन्तुलन पत्र अन्तिम आडिट नोट का विवरण आदि नोटिस प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित अवधि में समिति अपना सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत नहीं करती है तो उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम 1965 की धारा 72(2)(ग)(घ) के अधीन सपठित उ0प्र0 सहकारी समिति नियमावली 1968 के नियम 270 के अन्तर्गत उनके समापन की कार्यवाही नियमानुसार की जायेगी तथा धारा–76 के अन्तर्गत निबन्धन निरस्त कर दिया जायेगा।

क्र0	नाम सहकारी आवास समिति	निबन्धन संख्या/दिनांक
1.	प्राइवेट रेजीडेन्सी सह0 आवास समिति लि0, कानपुर	4277/18.5.2009
2.	श्री कृष्ण सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	418/16.02.1948
3.	दि मिडिल क्लास सह0 आवास समिति,कानपुर	541/30.7.1951
4.	रावतपुर सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	2411/22.6.1966
5.	नेशनल सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	2440/07.03.1967
6.	इन्दिरा गाँधी सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	4142/25.4.1967
7.	हर मिलाप सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	2465/5.6.1967
8.	देवकी नगर सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	2492/07.9.1970
9.	सी0टी0आई0सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	2513/16.12.1972
10.	कृषक सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	8556/20.03.1974
11.	मेडिको सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	24/18.10.1976
12.	यादवेन्द्र सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	130/31.8.1978
13.	नगर विकास सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	160/07.8.1979
14.	पंचशील सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	455/18.8.1981
15.	मीनाक्षी सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	562/02.2.1982
16.	राहुल सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	608/22.2.1982
17.	श्री विश्वकर्मा नगर सह0 आवास समिति लि0, कानपुर	715/03.9.1982
18.	एलिम्को सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	820/14.2.1984
19.	आदर्श सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	333/02.1.1984
20.	स्वर्गीय बांकेलाल सह0 आवास समिति लि0, कानपुर	1971/01.8.1994
21.	मोहन सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	3576/16.6.2005
22.	सिंचाई व राज्य कर्मचारी सह0आ0 समिति लि0, कानपुर	131/03.7.1978
23.	प्रकाश सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	888/26.3.1956
24.	गोपाल सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	200/07.9.1979
25.	कैलाश सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	582/19.2.1982
26.	श्री दुर्गा सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	2288/10.2.1964
27.	माडर्न गार्डेन सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	250/21.5.1980
28.	शेषर सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	1956/30.6.1994
29.	मधुबन सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	2184/28.9.1996
30.	आर0आर0सहकारी आवास समिति लि0, कानपुर	1943/25.4.1994
31.	विकास सहकारी आवास समिति लि0, इटावा	2972/04.5.2002
32.	वैशाली सहकारी आवास समिति लि0, इटावा	3700/13.01.2006

अपर आवास आयुक्त/अपर निबन्धक